अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में चल रही महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय की तीन दिवसीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के अंतिम दिन दिनांक 2 दिसंबर 2017 को रिकर्व राऊंड की तीरंदाजी प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।जिसमें राज्य के विभिन्न महाविद्यालयों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के आदर्श ने 631 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जाट महाविद्यालय रोहतक के धीरज ने 605 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया व अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ के ही विकास डागर ने 517 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।इस प्रतियोगिता के ही महिला वर्ग में डी.ए.वी. महाविद्यालय फरीदाबाद की कुंजदीप ने 543 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, जाट महाविद्यालय रोहतक की रीतु ने 534 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व के.एल.मेहता दयानन्द महाविद्यालय की ज्योति यादव ने 469 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।रिकर्व राऊंड में अग्रवाल महाविद्यालय की टीम ने कुल 1715 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, डी.ए.वी. महाविद्यालय फरीदाबाद की टीम ने 1712 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व जाट महाविद्यालय रोहतक की टीम ने 1664 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।समापन समारोह में महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक के खेल विभाग से सहायक रजिस्ट्रार श्री महेन्द्र पाल व जिम प्रशिक्षक श्री नरेश हुड्डा जी, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त जी शारीरिक शिक्षक श्री नंद किशोर, डॉ. जगवीर सिंह व राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद के डॉ. बलबीर सिंह दहिया उपस्थित रहे।प्राचार्य ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया व जो खिलाडी जीत नहीं पाए उन्हें अगली

बार और बेहतर करने की सीख दी।